

# गांव में हरगिज नहीं खुलने देंगे बूचड़खाना

- सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में आकर जताया आक्रोश
- नारेबाजी करते हुए कहा किसी भी सूरत में नहीं बनने देंगे

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 दिसंबर. दोराहा क्षेत्र के ग्राम सतपोन में बन रहे बूचड़खाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश निर्मित हो गया है. मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और उस स्थान से बूचड़खाना हटाने की मांग की गई है. ग्रामीणों का कहना है कि बूचड़खाना निर्माण से गांव की धार्मिक सामाजिक भावनाएं आहत हो रही हैं. इसी तरह यह निर्माण बिना अनुमति किया जा रहा है. इस दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी भी की.**

कलेक्ट्रेट पहुंचे जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एलम सिंह दांगी और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नारेबाजी की और कहा कि वे किसी भी स्थिति में बूचड़खाना निर्माण नहीं होने देंगे. उनकी मांग है कि प्रशासन निर्माण की अनुमति और उद्देश्य की स्पष्टता सार्वजनिक रूप से बताए. इसको लेकर जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, गत दिनों भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन मौन बैठा है.

मंगलवार को मायाराम गौर सांसद प्रतिनिधि, सरपंच कमल लोधी कतपोन, राकेश पटेल पाटन, दीवान सिंह ठाकुर सोनकच्छ, मांगी लाल मझेड़ा, पर्वत सिंह मीणा बरखेड़ा खरेट, भीम सिंह गुर्जर शाजापुर रामबाबू पाटीदार झरखेड़ा, बिरमालाल चौकसे जमुनिया खुर्द, अरविंद दांगी सेमरा दांगी, प्रदीप दांगी डोबरा, राकेश मेवाड़ा जमुनिया तालाब, जनप्रतिनिधि व अनेक ग्रामीण मौजूद थे.

### क्षेत्र में अनेक बीमारियों का होगा प्रकोप

जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एलम सिंह दांगी और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम सतपोन तहसील दोराहा स्थित खसरा नंबर 70/3/2,703/4,70/3/5,70/3/7,70/3/8 कृषि भूमि में एक बूचड़खाना (कसाईखाना) एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्रालि सोएब अहमद आ. सगीर अहमद निवासी 5/289 तोपखाना नाई की मंडी आगरा उत्तर प्रदेश के द्वारा खोला जा रहा है. प्रदूषण बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रतिदिन 1 हजार भैंस 2 हजार बकरा, बकरी 1 हजार भेड़ को काटने का कार्य किया जाएगा एवं इसके मांस आदि की सप्लाई की जाएगी, जिससे निकलने वाले चमड़ा, हड्डी, खून आदि से क्षेत्र में प्रदूषण एवं बदबू फैलेगी. भविष्य में कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा है. इसमें लगभग 600 कर्मचारी काम करेंगे जो कसाई आदि होंगे आज जो देश का माहौल है उसे देखते हुए इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि उसमें रोहिंग्या या कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिये हो सकते हैं जिससे जिला ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले व्यक्तियों को संरक्षण मिलेगा.

## नर्मदा नदी में मिला भोपाल के युवक का शव

**बुधनी.** बीती शाम नर्मदा पुल के नीचे नदी में एक युवक का शव तैरता नजर आने पर सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए उसकी शिनाख्त कराई तो वह भोपाल के खजूरी कला निवासी कैंसर पीड़ित युवक का निकला. कुछ ही दूरी पर खड़ी उसकी स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की है. मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक भोपाल निवासी शैलेन्द्र द्विवेदी है जो 30 नवंबर को बिना बताए घर से निकल गया था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी खजूरी सड़क थाने में दर्ज कराई थी और वे उसकी तलाश करते हुए बुधनी पहुंचे थे. इस दौरान बगवाड़ा के पास नर्मदा पुल के किनारे युवक की स्कूटी मिली. इसी समय नदी में शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई.

# टाइगर मासूम बच्चियों को देता था टॉफियों का लालच

## आरोपी की जेब से छोटा चाकू और आपत्तिजनक चीज मिली



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 2 दिसम्बर, नाबलिग बच्चियों को अश्लील इशारे करने वाले एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसका जुलूस निकाला पूरा मामला कस्बा बागरोद का बताया जा रहा है. मामले की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए. ग्राम क़स्बा बागरोद के प्राथमिक स्कूल की नाबालिग छात्राओं से दूसरे धर्म के एक युवक ने अश्लील हरकत कर दी.**

मामले की भनक जब परिजन और आसपास के नागरिकों को लगी तो आक्रोश भड़क गया. आरोपी को पड़कर त्योंदा पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने आरोपि को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से चाकलेट,छोटा चाकू और आपत्तिजनक पैकेट बरामद किए हैं. शिकायत करने पहुंचे नागरिकों ने बताया कि आरोपित हर मंगलवार को कस्बा बागरोद में हाट बाजार हम्माली करने आता था. बच्चियों को अश्लील इशारे करता था. पिछले दिनों भी इसी तरह की हरकत की थी उस समय बच्चियां उसके पास नहीं गईं और न ही शिकायत की. लेकिन मंगलवार को फिर वही युवक वापस आकर बच्चियों से इशारे करने लगा. इस जानकारी के बाद कक्षा 2 से आठवीं तक पढ़ने वाली करीब 7 से 8 बच्चियां थाने पहुंचीं और अपनी आपबीती पुलिस अधिकारियों को बताई.

> आरोपी हलीम खान उर्फ टाइगर 35 वर्ष बताया जा रहा है. वह राहतगढ़ से हम्माली करने कस्बा बागरोद मंडी में आता था. मंडी के समीप ही स्कूल है। स्कूल के बाहर खड़े होकर छोटी-छोटी बच्चियों को अश्लील हरकत कर रहा था.पुलिस जब उसे लेकर आई तो उसकी जेब सेएक छोटा चाकू मिला. साथ ही कुछ चाकलेट भी वह अपने पास रखे हुए था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एससी एसटी एक्ट और पाक्सो एक्ट का मामला भी दर्ज किया है.शिखा भलावी एसडीओपी गंजबासौदा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है .



# गीता जयंती पर आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 02 दिसम्बर गीता जयंती के अवसर पर एसपीएम के एचआरडी सभागृह में विशिष्ट आयोजन सम्पन्न हुआ। विस्तृत जानकारी देते हुए डीजीएम संजय भावसार ने बताया कि गीता जयंती पर एसपीएम में एक विशिष्ट आयोजन किया गया.**

जिसमें भगवद्गीता गीता की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर व्याख्यान एवं प्रस्तुति दी गई। यह व्याख्यान एवम प्रस्तुति मुख्य महाप्रबंधक श्री बेंकटेश कुमार एवं डॉ अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबंधक(मानव संसाधन) द्वारा कार्यपालकों, पर्यवेक्षकों आदि स्टाफ को दी गई। अपने उदबोधन में श्री बेंकटेश कुमार द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपना कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया वैसी ही इस काल मे सतत मोटिवेशन की सभी को आवश्यकता है।

# चाह की राह में सभी जीव अंदर से दुखी

## मोक्ष कल्याणक पर गजरथ फेरी के साथ पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 2 दिसंबर. मोक्ष की उपलब्धि चाहने से नहीं उस चाह को मिटाने से मिलती है. उपरोक्त उद्गार मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ने पंचकल्याणक महामहोत्सव के अंतिम दिवस भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर कहीं.**

उन्होंने कहा कि भगवान को तो मोक्ष मिल गया लेकिन उससे आपने क्या उपलब्धि पाई, इसे आत्मसात करना है. उन्होंने जीवन की राह में चार बातें चाह, आह, दाह, राह की करते हुये कहा कि मनुष्य के मन में निरंतर चाह उत्पन्न होती रहती है, विडंबना यह है कि जो चीज हमारे पास है उसकी चाह नहीं और जो हमारे पास नहीं है या हमारे पास से निकल जाती है उसकी चाह मन को सताती है, जहा एक चाह की पूर्ति होती है, तुरंत उसका स्थान दूसरी चाह ले लेती है दूसरी से तीसरी तीसरी से चौथी जैसे सागर में एक लहर उत्पन्न होती है उसके नष्ट होने के पहले ही दूसरी उभरने लगती है.



> मुनिश्री ने कहा कि चाह की राह में आजकल सभी जीव अंदर से दुखी है भले ही आपसे कोई पूछे कि कैसे हो, तो कह देते हो कि एक दम मस्त. लेकिन जैसे ही वह थोड़ा नजदीक आता है तो अंदर की परतें खुलने लगती है और भीतर का दर्द बाहर निकल पड़ता है, भगवान ने कहा कि यदि सही राह पकड़ना है तो चाह की दाह को छोड़ो, भले ही आज पंचमकाल में मोक्ष नहीं है, लेकिन मोक्ष की राह तो है, हम भी उसी राह पर ही चल रहे है क्यों कि हमें विश्वास है कि जब भी मुक्ति मिलेगी तो इसी राह से मिलेगी और इसलिए आप सभी को भी में उसी राह पर चलने के लिये प्रेरित कर रहा हूँ.

## एनएफएल टाउनशिप में लाखों की चोरी

**गुना।** जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएफएल टाउनशिप में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। डी-4 क्वार्टर निवासी भाकरिया ओसारे पुत्र श्री मालसिह ओसारे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत 27 नवंबर 25 की सुबह लगभग 8 बजे अपने परिवार के साथ अवकाश पर अपने गांव कदवाली (जिला खरगौन) गए हुए थे। 30 नवंबर को दिन में लगभग पौने बारह बजे उनके पड़ोसी ललित कुमार जोशी ने उन्हें फोन पर बताया कि उनके कमरे की लाइट जल रही है। जब भाकरिया ओसारे वापस लौटे और रात करीब 1 बजे अपने घर पहुंचे, तो सामने के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर जाकर देखने पर पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी भी टूटी हुई थी।

# अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमते ही फिर अतिक्रमण शुरू

## शहर की सड़कों पर आये दिन लगता जाम, शहर के सौंदर्यीकरण पर ग्रहण

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 2 दिसम्बर, शहर में प्रशासन द्वारा शुरू की गई अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है. प्रशासन द्वारा शहर में इस मुहिम को जोरशोर से शुरू किया गया था.**



शहर में प्रशासन द्वारा मुनादी कराने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया भी गया. जिससे लोगों को शहर के अतिक्रमण मुक्त होने की उम्मीद जगी थी. लेकिन कुछ दिनों बाद यह मुहिम थमते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है. हालांकि प्रशासन द्वारा जल्द ही एक बार फिर शहर के सभी हिस्सों में अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करने की बात कही जा रही है.

शहर के कई प्रमुख मार्गो पर इन दिनों अतिक्रमण की भरमार है. जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है. शहर में लोग मनमर्जी से बेरोकटोक अतिक्रमण करते दिखाई देते हैं. बावजूद इसके इन अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभावी कार्यवाही हो पा रही है. जिससे इनके हौसले बढ़ते जा रहे हैं. विगत दिनों शहर में फैल रहे अतिक्रमण को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी चिंता जताई जा चुकी है. जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया. तथा नगरपालिका द्वारा शहर में मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई. वहीं नगरपालिका द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में अतिक्रमण विरोधी मुहिम भी शुरू कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. लेकिन यह मुहिम के थमते ही अतिक्रमण ने फिर से पैर पसारना शुरू कर दिया. शहर में कई बार पहले भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा चुकी थी. लेकिन सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के अभाव में शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है. शहर में अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमने के बाद फिर सड़कों पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया जाता है.

## जेल में बंदियों को दिया गीता उपदेश

**अशोकनगर।** गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महेश चन्द्र मांझी प्रमुख मुख्य प्रहरी अधिकारी सहित अन्य जेल स्टाफ एवं बंदियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गीता के दिव्य उपदेशों का वाचन किया गया। इस दौरान बंध में वर्णित मुख्य उपदेश अनुसार बंदीगण को जीवन, धर्म और कर्तव्य के गहन रहस्यों के बारे में समझाया गया तथा उन्हे आत्मविश्वास के साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी गई। वहीं फल की चिंता न करते हुए कर्म करने पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बताया गया।

### एक नजर में



## लेबर बार एसोसिएशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सागर.** लेबर बार एसोसिएशन द्वारा सांसद डॉ. लता वानखेडे को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि केंद्र सरकार के द्वारा जो नई चार श्रम संहिता लागू की गई है उसके तहत जो ट्रिब्यूनल गठित किया जाना प्रस्तावित है उसमें ट्रिब्यूनल स्थापित किया जाए तथा श्रम न्यायालय में जो कार्यवाही लंबित है. जब तक ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो जाता तब तक न्यायालय की कार्रवाई जारी रखी जावे. ज्ञापन देने वालों में व्हीएन सरवटे, पैट्रिस फुसकेले, विनीत ताम्रकार, राजू प्रजापति, राजेंद्र पाठक, सहसचिव धीरज ताम्रकार, अरविंद सिंह राजपूत, चंदन पटेल, देवेंद्र सिंघई, अधिवक्ता रोशन कुर्मी शामिल रहे.



## उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश

**सीहोर.** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई. कलेक्टर ने कहा कि जिले में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाए. इसके साथ ही दूध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन और मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को वैकल्पिक आजीविका साधनों से जोड़ने पर जोर दिया।बैठक में उप संचालक कृषि एके उपाध्याय,, उप संचालक पशुपालन आरपी गौतम, सहायक आयुक्त सहाकारिता सुधीर कैथवास, सहायक संचालक उद्यानिकी जेएस मुजाल्दा, सहायक संचालक मत्स्य प्रशांत हर्ष, जिला सहकारी बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे.

## सार्वजनिक स्थल पर जलाये अलाव

**पाथाखेड़ा।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए जिला कलेक्टर बैतूल के निर्देश पर नगरपालिका परिषद सारनी सक्रिय हो गई है। आमजन को ठिठुरन से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगरपालिका ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, आश्रय स्थलों सहित उन स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं जहाँ लोगों का आना-जाना और रुकना अधिक होता है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए ठंड के इस मौसम में आवश्यकतानुसार सभी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सेनेटरी इंस्पेक्टर के.के. भावसार ने जानकारी देते हुए बताया कि सारनी, शोभापुर और पाथाखेड़ा क्षेत्र के 10 प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, जिनका राहगीरों और स्थानीय नागरिकों द्वारा निरंतर उपयोग किया जा रहा है।

## शौर्य दिवस पर वाहन रैली 7 दिसंबर को

**सिरोंज,** बजरंग दल के तत्वाधान में शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में 7 दिसंबर को एक वाहन रैली निकाली जावेगी. उक्त जानकारी देते हुए राकेश सक्सेना ने बताया यह रैली 7 दिसंबर को प्रात: 10 बजे कुरवाई रोड छत्री नाका से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकलेगी. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में समाजजनों से इस रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया है.



# सड़क हादसे में महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा। सोमवार शाम अशोकनगर-गुना रोड पर पीलीघटा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।**

पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन साल का एक मासूम बच्चा भी शामिल है। हादसे में पिपरोल शाढ़ौरा निवासी वैजन्ती बाई (45) पत्नी गेंदालाल कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। शाढ़ौरा सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

## नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**सीहोर.** थाना मण्डी पुलिस ने अपहता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. गत 18 अक्टूबर को सूचनाकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले गया है. जिस पर थाना मण्डी में प्रकरण दर्ज किया गया था. थाना प्रभारी थाना मंडी सुनील मेहर व टीम ने मुखबिर की सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपहरण के आरोपी को शाजापुर बस स्टेण्ड से पकड़ लिया गया. पुलिस ने आरोपी सोहन उर्फ सोनू द्वारा अगवा की गई नाबालिग को आजाद कराते हुए परिजनों को सौंपा व आरोपी को जेल भेजा गया है.

# बस ने कार को टक्कर मारी, दर्जन भर घायल



**नवभारत न्यूज**

**पचोर 02 दिसम्बर, सं. पचोर के समीप हाइवे पर दुल्तारिया के यहां मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे पचोर-ब्यावरा मार्ग पर एक तेज रफ्तार बस ने अपने आगे चल रही कार को जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में कार में सवार 4 लोगों को चोट आई तथा बस में आगे बैठी 8 सवारियों को भी मामूली चोट आई है. एक घायल को शाजापुर तथा एक घायल को ब्यावरा रेफर किया गया है.**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा तरफ से आ रही प्रज्ञा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09, एफए 3815 शिवपुरी से इंदौर की और जा रही थी. जब पचोर के समीप थी तभी अपने आगे चल रही कार क्रमांक एमपी 09, डीएल 75 से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जोर की थी कि कार सड़क पर घीसटाते हुए किनारे पर जा गिरी. जबकि बस काफी चौड़े डिवाइडर को पार कर दूसरी साइड पहुंचकर रुक गई. घटना की जानकारी लगते ही पचोर पुलिस एवं एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे तथा नागरिकों की मदद से घायलों को पचोर स्थित सिविल अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल को बाहर रेफर किया गया.

पप्पू पिता धूलजी उम्र 35 साल को पैर में चोट आने पर ब्यावरा रेफर किया तथा दीपांश पिता किशन नामदेव को सिर में चोट पर शाजापुर रेफर किया गया.

**भ्रष्टाचार** | बमोरी जनपद में 9 साल बाद भी मनरेगा की राशि से स्वीकृत 25 निर्माण अधूरे

# 2016 से कागजों पर बने करोड़ों के खेल मैदान जमीन से गायब

**नवभारत न्यूज**

**गुना/ बमोरी 2 दिस. सं। जिले की बमोरी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार ने ग्रामीण युवाओं के सपनों को भी निगल लिया है। पड़ताल में सामने आया है कि वर्ष 2016 में मनरेगा के तहत स्वीकृत करोड़ों रुपये के खेल मैदान निर्माण कार्य नौ वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरे पड़े हैं, जबकि दस्तावेजों में इन कार्यों को पूर्ण बताकर राशि का आहरण कर लिया गया है।**




यह घोटाला यहां के स्थानीय जिम्मेदारों की उदासीनता और मिलीभगत की ओर स्पष्ट इशारा करता है। शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों के निर्माण की योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत बमोरी जनपद की 80 पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण मनरेगा के तहत कराया जाना था। निर्माण कार्यों में शौचालय, दर्शकों के बैठने की उपयुक्त व्यवस्था (सीटिंग अरेंजमेंट), नालीनुमा बाउंड्री और मांग पत्र की तर्ज पर अन्य सुविधाओं को भी शामिल किया जाना था। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 से 2018 के बीच बमोरी की अधिकांश पंचायतों में निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की जा चुकी थी, लेकिन जब ग्राउंड जीरो पर पड़ताल की गई, तो हकीकत चौंकाने वाली निकली।

जाँच में पता चला कि 1 सैकड़ा स्वीकृत खेल मैदानों में से महज 25 का ही कार्य किसी तरह पूरा हुआ है, खेल मैदानों का कार्य कागज़ों में ही पूर्ण दिखा दिया गया। इन पंचायतों में कार्य शेष होने के बावजूद राशि का आहरण कर लिया गया है, जिससे विकास कार्य अब भी अधूरा है।

### कर्मचारियों ने निजी कमाई का जरिया बना लिया

यह स्थिति दर्शाती है कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को किस तरह से भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी निजी कमाई का जरिया बना लिया है। गौरतलब है कि पूर्व में तत्कालीन अपर कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिला सीईओ के प्रभार रहते ऐसे कई मामलों में संलिप्त पंचायत सचिवों पर कार्यवाही की थी, लेकिन उन्हें भी कुछ समय बाद ही हटा दिया गया था, जिससे भ्रष्टाचार को रोकने में राजनीतिक दबाव की भूमिका स्पष्ट होती है।

## जेवरात व नकदी लेकर भागी महिला, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर.** न्यायालय के आदेश पर एक मामला महरौनी कोतवाली में दर्ज हुआ है. इस मामले में करीब दस माह पहले हुयी शादी की एक ऐसी कहानी दर्ज करायी गयी है, जिसमें नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके पक्ष से मिलकर ससुरालियों पर मुकद्दमा दर्ज कराने की धमकी देते हुये कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की शर्त रखी, करीब चार माह बाद महिला अपने मायके आ गयी. ससुरालियों ने जेवरात और नकदी लेकर गयी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने एक ना सुनी. मजबूरन पीड़ित पक्ष को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी. मामला है महरौनी के ग्राम कुआघोषी का यहां रहने वाले रामस्वरूप कौशिक ने एसीजेएम न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता के जरिए एक वाद दायर किया है.